
हरिभूमि
# रायपुर भूमि








अलग खबर

## विवेकानंद आश्रम से आमानाका ओवरब्रिज तक धनुष-बाण की आकृति वाले स्ट्रीट पोल, लिखा हुआ है राम...राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के जीई रोड मार्ग पर विवेकानंद आश्रम से आमानाका ब्रिज तक रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड धनुष बाण की आकृति वाला नया स्ट्रीट पोल लगवाने जा रहा है, जिसमें लाइट के अंदर रामनाम अंकित होने के साथ ही पीले रंग की रोशनी बिखरेगी। शुरुआत में यह प्रयोग आश्रम के पास तीन नए स्ट्रीट पोल लगाकर किया गया है। ▶▶|शेष पेज 16 पर

**100 नए स्ट्रीट पोल लगाए जाएंगे**

जीई रोड पर विवेकानंद आश्रम के पास ट्रायल के तौर 3 नए स्ट्रीट पोल लगाए गए हैं, जो कि धनुष-बाण की आकृति वाले हैं। इसी तरह के 100 नए स्ट्रीट पोल अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से आश्रम से आमानाका ब्रिज और डीडीनगर मार्ग तक लगाने की योजना है।
- **पंकज पंचायती,** अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

- रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अनुबंधित एजेंसी ने 3 स्ट्रीट पोल लगाकर की शुरुआत
- रामनाम के अक्षर वार्म लाइट से जगमग रोशनी बिखेरेंगे

## खबर संक्षेप

### चार किलो गांजा के साथ तस्कर पकड़ा गया

**रायपुर।** तेलीबांधा इलाके में ढाबे के पास गांजा बिक्री करने वाले तस्कर संजू उर्फ संजय मराठा को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्रीन लाइट ढाबा के समीप बाइक पर एक युवक संदिग्ध हालत में बैठा है। पुलिस ने हुलिए के आधार पर पकड़कर उससे पूछताछ की तो गांजा बिक्री का मामला सामने आ गया।आरोपी संजू तेलीबांधा इलाके का ही रहने वाला है, उसके पास से चार किलो से अधिक गांजा जब्त हुआ है, जिसकी कीमत 48 हजार रुपए बताई गई है। उसकी बाइक भी जब्त कर ली गई है।

### ठंड दूर भगाते हो गई गर्मा-गर्मी, मारपीट

**रायपुर।** कड़ाके की ठंड के दौरान खाली जगह पर आग तापने पर उपजे विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई और मामला पुलिस तक पहुंच गया। ग्राम केसला में रहने वाले छन्नू को जय कुमार बंजारे ने पीट दिया। खरोरा पुलिस ने अनुसार, घटना रात 8 बजे के आसपास की बताई गई है। उस वक्त दोनों आग के पास बैठकर ठंड दूर भगा रहे थे और उनके बीच गाली-गलौज हो गई और नौबत मारपीट तक पहुंच गया।

### आपसी विवाद पर युवती की पिटाई

**रायपुर।** आपसी विवाद पर तेलीबांधा इलाके में युवक ने एक युवती की पिटाई कर दी। मामला गरमाने के बाद पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू की है। युवती मोनिका डीडीनगर इलाके में रहने वाली है और आरोपी मनीष साहू से पुरानी जान-पहचान है। आपसी बातचीत के दौरान मनीष आपा खो बैठा और युवती की पिटाई कर दी।

### घर के सामने से बाइक उड़ा ले गए चोर

**रायपुर।** राजधानी में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। सूने मकानों के ताले टूट रहे हैं और सड़कों पर खड़ी बाइक भी चोरों के निशाने पर है। शुक्रवार को डीडीनगर के विकास विहार कालोनी में खड़ी बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। प्रार्थी यशवंत श्रीवास को चोरी की जानकारी तब हुई, जब वह घर से बाहर निकला। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर उसकी जांच कर रही है।

शहर के बीच 20 साल पुरानी ट्रैफिक समस्या, फंड स्वीकृति के बावजूद ऐसा हाल

## तात्यापारा-शारदा चौक चौड़ीकरण 20 महीने से फाइलों में ही फंसा, अभी दस्तावेजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

तात्यापारा से शारदा चौक के बीच सात सौ मीटर लंबी और 80 फीट चौड़ी सड़क बनाने के लिए 137 करोड़ की मंजूरी देने वाली सरकार बदल गई, लेकिन अभी तक शहर के बीच 20 साल पुरानी ट्रैफिक समस्या बनी हुई है। इसका कायाकल्प करने के बजाय जिम्मेदार सर्वे में जिन लोगों के दुकान-मकान निर्माण के दायरे में हैं, उनके दस्तावेज ही जांच रहे हैं। नतीजतन 20 महीने पहले सड़क बनाने के लिए फंड की मंजूरी मिलने के बाद भी काम शुरू नहीं हो पाया।

शहर में शारदा चौक से तात्यापारा चौक के बीच सड़क चौड़ीकरण का मसौदा तैयार है। सड़क निर्माण के दायरे में 94 दुकान-मकान आ रहे हैं। दस्तावेजी प्रमाण के आधार पर इनके मालिकों की जानकारी जुटाने के बाद प्रशासन को मुआवजा देना है, ▶▶|शेष पेज 16 पर


**20 साल में हल नहीं हो सकी ट्रैफिक जाम की समस्या**

### मुआवजा बांटने में ही विलंब

सड़क चौड़ीकरण का काम पीडब्ल्यूडी को करना है। इसके चलते इंजीनियर्स ने सड़क निर्माण की लागत भी तय कर लिया है। सूत्रों ने बताया कि करीब 120 करोड़ रुपए लोगों को मुआवजा बांटने पर ही खर्च होने वाले हैं। इस प्रक्रिया को जिला प्रशासन और राजस्व विभाग द्वारा किया जाना है। जमीन का मुआवजा बांटने की रिपोर्ट मिलने के बाद ही पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण एजेंसी तय करने के लिए टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। अभी तक इंजीनियर्स ने निर्माण के लिए 8 करोड़ अनुमानित लागत काअ एस्टीमेट तैयार किया है। इस प्रोजेक्ट में विवादित जमीन भी रोड़ा बनने वाला है।

### दस्तावेज जांचने की प्रक्रिया जारी

सर्वे का काम पूरा करने के बाद अभी जिन लोगों के दुकान-मकान दायरे में आ रहे हैं। उनके दस्तावेजों की जांच होगी। इसके बाद ही प्रभावितों को मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
- **गौरव कुमार सिंह,** कलेक्टर



### रोज लगती है वाहनों की कतार

तात्यापारा से आने वाले ही नहीं, बल्कि शारदा चौक के पास लगे सिग्नल को पार करने के बाद भी लोग ट्रैफिक जाम का हिस्सा बनते हैं। इस रूट पर कई होटल संचालित हैं। जहां आने वाले ग्राहक मनमाने तरीके से वाहन पार्क करने के बाद चले जाते हैं। इससे आने-जाने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति दिन में ज्यादा देखने को मिल रही है। शाम होते ही वाहनों की कतार लगनी शुरू हो जाती है। इस रूट से लोग स्टेशन भी जाने से बचते हैं, क्योंकि आमापारा चौक तक ट्रैफिक जाम के हालात रहते हैं। यहां ट्रैफिक पुलिस भी नहीं होती है।

## पूर्व विधायक देवती कर्मा के निवास की दीवार से भिड़ी कार बाल-बाल बचे सुरक्षाकर्मी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वीआईपी इलाके में तेज रफ्तार से दौड़ रही कार पूर्व विधायक देवती कर्मा के निवास की दीवार से जा भिड़ी। सुबह-सवेरे हुए इस हादसे में बंगले की सुरक्षा में तैनात कर्मचारी बाल-बाल बच गए। एयरबैग खुलने की वजह से कार सवारों को चोट नहीं आई, जो घटना के बाद फरार हो गए।

- रविवार सुबह की घटना, गाड़ी छोड़कर ड्रायवर फरार

जानकारी के अनुसार, देवती कर्मा का निवास सिविल लाइंस इलाके में है। वहां सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस जवान मोहन लाल मरावी ने थाने में शिकायत की है कि वह रात्रि ड्यूटी में तैनात था। इस दौरान अर्धरात्रि करीब पौने 2 बजे एसआरपी चौक की तरफ से तेज गति से आई कार क्रमांक सीजी 08 एजे 1360 सीधे पूर्व विधायक के निवास की दीवार से जा टकराई। घटना के दौरान मरावी और कुछ अन्य जवान तैनात थे, जो कार की गति देखकर दूर हट गए, जिससे वे कार की चपेट में आते-आते बचे। इधर दीवार से टकराने के बाद कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसके सभी एयरबैग खुलने की ▶▶|शेष पेज 16 पर

## सौ करोड़ की जमीन हथियाने दिल्ली की महिला का बनवाया फर्जी डेथ सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली में रहने वाली महिला की मंदिर हसौद इलाके में स्थित लगभग सौ करोड़ की जमीन हथियाने जालसाजी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुद को महिला का भाई बताकर, महिला का फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र और वसीयतनामा तैयार कराया था।

**फरार जालसाज पकड़ा गया**



तहसीलदार कार्यालय में जमीन नामांतरण के दौरान मामला खुल गया।

मंदिर हसौद पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में 68 वर्षीय रजनीश कुमार जैन को गिरफ्तार किया है, जो नरसिंहपुर मध्यप्रदेश का रहने वाला है। थाना प्रभारी ने बताया कि दिल्ली में रहने वाली कमलेश जैन ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम तांदुल में उनकी जमीन है। उन्हें पता चला था कि तहसील कार्यालय में आरोपी रजनीश ने कथित भाई बनकर कमलेश जैन का मृत्युप्रमाण पत्र और वसीयत नामा पेश कर जमीन नामांतरण के लिए आवेदन किया था, जिसे तहसीलदार ने संदेह होने पर आवेदन निरस्त कर दिया था। मामले की जांच में जमीन हथियाने फर्जी दस्तावेज तैयार कराने की पुष्टि हुई, जिसके बाद आरोपी को धारा बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया था। मामले की जानकारी ▶▶|शेष पेज 16 पर

## 24 घंटे बाद छाएंगे बादल 48 घंटे बाद होगी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

24 घंटे तक हाड़ कंपाने वाली ठंड का सामना करने के बाद लोगों को थोड़ी राहत मिल सकती है। विक्षोभ के प्रभाव से 24 घंटे पश्चात 17 दिसंबर को बादल छाने की संभावना है। इसके 48 घंटे बाद अर्थात 18 दिसंबर को बारिश की संभावना भी प्रकट की गई है। बदली-बारिश के दौरान अधिकतम तापमान में थोड़ी कमी आएगी, लेकिन न्यूनतम तापमान बढ़ेगा। इसके प्रभाव से ठंड में कमी आएगी। इसके पूर्व सोमवार को प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

- माना में तापमान 9 डिग्री, कुछ किमी दूर शहर में पारा 12 डिग्री

बदली बारिश की स्थिति 17 दिसंबर से लेकर आगामी 3-4 दिनों तक रह सकती है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में 4 से 6 डिग्री तक क्रमिक वृद्धि संभावित है। सरगुजा संभाग से लगे बिलासपुर संभाग और दुर्ग संभाग के जिलों में एक दो पैकेट में शीतलहर चलने अथवा शीतलहर जैसी स्थिति बनने की आशंका मौसम विभाग द्वारा प्रकट की गई है, लेकिन राजधानी में शीतलहर के हालात फिलहाल नहीं बनेंगे।

### माना में पारा सामान्य से 4 डिग्री कम

राजधानी रायपुर में तो कड़कड़ाती ठंड का अहसास लोगों को हो ही रहा है, इससे सटे माना में भी सर्दियां सता रही हैं। शहर से कुछ किमी ही दूर माना में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.7 डिग्री कम 9.9 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से 1.9 डिग्री कम 26.6 डिग्री दर्ज किया गया है। राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से 1.5 डिग्री कम 27.3 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.3 डिग्री कम 12.1 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 29.8 डिग्री सुकमा में दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान 2.4 डिग्री बलरामपुर में रिकॉर्ड किया गया।




डीएलएड महाविद्यालयों की परीक्षाएं कराने का अधिकार माशिम के पास

## पहली बार माशिम ने बीएड कॉलेजों से मांगी चयन सूची वजह-मेरिट आधार पर दाखिले न होने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्रदेश के सभी बीएड और डीएलएड महाविद्यालयों से छात्रों की चयन सूची मांगी है। इसमें छात्रों के नाम सहित प्रवेश परीक्षा में उनके रैंक व अन्य अंकों का जिक्र रहेगा। सूत्रों के अनुसार, यह पहली बार है जब माशिम ने बीएड-डीएलएड महाविद्यालयों से चयन सूची मांगी है। गौरतलब है कि शिक्षा महाविद्यालयों में संचालित होने वाले पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाएं व्यापम ▶▶|शेष पेज 16 पर

### अगले सत्र से उच्च शिक्षा विभाग के अधीन

प्रवेश प्रक्रियाएं सुचारू रूप से संचालित नहीं होने के कारण काउंसिलिंग को उच्च शिक्षा विभाग के अधीन किए जाने का निर्णय भी किया जा चुका है। इसके लिए कमेटी भी बैठाई जा चुकी है। अब तक बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाएं व्यापम द्वारा आयोजित किए जाने के बाद एससीईआरटी द्वारा काउंसिलिंग की प्रक्रिया पूर्ण की जाती रही है। अगले सत्र से महाविद्यालयों में संचालित इन पाठ्यक्रमों की काउंसिलिंग भी उच्च शिक्षा विभाग ही करेगा।

**बीएड और डीएलएड महाविद्यालयों के लिए व्यापम कराता है प्रवेश परीक्षाएं**



### जारी है अंतिम चरण की काउंसिलिंग

बीएड-डीएलएड पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अंतिम चरण की काउंसिलिंग जारी है। अंतिम चरण की पहली सूची 12 दिसंबर को जारी की गई थी। इनमें जिन विद्यार्थियों के नाम हैं, उन्हें 16 तक दाखिले के लिए समय दिया गया है। दूसरी सूची 19 दिसंबर को जारी होगी। इसमें जिन विद्यार्थियों के नाम होंगे, उन्हें 20 तक प्रवेश ▶▶|शेष पेज 16 पर


ASHTVINAYAKA REALTIES
CGRERA150322A000647
अष्टविनायक रियल्टीज़ परिवार की ओर से
हरिभूमि को रायपुर संस्करण के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY
Experience opulent living with our lavish amenities that redefine luxury
BAJAJ TOWNSHIP
BAJAJ SKY HEIGHTS
2 BHK flats
Mathpurena, Near New Bus Stand, Bhatagaon Road, Raipur (C.G.)
Aranya WOODLAND
Select Your Luxury HOUSE FOR LIVING
Plot Size 590 Sqft. 1250 Sqft. 1500 Sqft.
BOOK NOW
Vidhan Sabha Road, Pacheda & Chatoud, Raipur C.G.
Vedanta City Phase II
Don't Miss out! Limited Plots are available
OWN HOME
PREMIUM PLOTS
Near Kamal Vihar, Bagdai Mandir, Kandul Road, Raipur
Ashtvinayaka CITY
PCGRERA061023001682
आवासीय प्लॉट
Near Kamal Vihar, Kandul Road, Raipur (C.G.)
Vedanta Vatika
PCGRERA240624001788
Vedanta Vatika HIRAPUR
Near AIIMS, Hirapur, Raipur (C.G.)
Dolphin's "Jewel O"
PCGRERA060718000482
PREMIUM FLATS
3 BHK 4 BHK
Dumartarai, Near Kamal Vihar Raipur
Radhe Krishna NAGAR
श्री राधे कृष्ण नगर फेस -2
आवासीय प्लॉट
Old Dhamtari Road
Near Shankracharya College Chhachhanpairi, Raipur C.G.
ASHTVINAYAKA Shantikunj CITY
PCGRERA180918000760
छछानपैरी, रायपुर
नया रायपुर लिंक रोड
SHANTIKUNJ CITY
RERA REGISTERED
APPROVED
अष्टविनायक रियल्टीज़ के साथ निवेश करें
रायपुर के सबसे विकसित क्षेत्र ओल्ड धमतरी रोड पर
सर्व सुविधा युक्त आवासीय प्लॉट 1200 Sqft 1500 Sqft 1800 Sqft
GOLF GREENS
अमर GOLF GREENS
Phase - II
PCGRERA070323001617
आवासीय प्लॉट
Club House AMENITIES
*BANQUET HALL
*GYM
*GUEST ROOM
*TABLE TENNIS
*SWIMMING POOL
*KIDS POOL
* PARTY LAWN
Club House
Luxurious Living To Complement Your Perfect Lifestyle
Near G.E.C. Sejbahar, Old Dhamtari Road, Raipur (C.G.)
Project Approved from
ICICI, SBI, HDFC, PNB, LIC HFL
2nd फ्लोर, बेबीलॉन टॉवर, वी.आई.पी. चौक, रायपुर,
Email:groupasthavinayak9@gmail.com
For enquiry
8516003000

पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी तैयारी में जुटी

# बूढ़ातालाब में रूफ टॉप चौपाटी, नौका विहार के लिए लाएंगे तीन तरह की बोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी के बूढ़ातालाब में री-क्रिएशन जोन को लेकर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी तैयारी में जुट गई है। परिक्रमा पथ में दानी स्कूल के पीछे वाले हिस्से पर रूफ टॉप चौपाटी बनाने का काम शुरू हो गया है, जहां आगंतुकों के लिए खानपान के स्टॉल सहित बूढ़ातालाब का सुंदर नजारा देखने व्यू पाइंट तैयार किया जाएगा। वहीं सरोवर में नौका विहार की सुविधा के लिए तीन तरह की बोट लाने की तैयारी है। सूत्रों के मुताबिक, ये बोट थ्री सीटर, फोर सीटर और सिक्स सीटर रहेंगी, यानी चौपाटी के साथ नौका विहार का आनंद शहरवासी उठा सकेंगे।

मेट्रो सिटीज की तर्ज पर महानगर का रूप ले रहे रायपुर शहर में तेलीबांधा तालाब परिसर में नगर निगम से अनुबंधित एजेंसी ने री-क्रिएशन जोन की सुविधा विकसित की है। जहां फूड लैब सहित एडवेंचर और एम्युजमेंट पार्क का मजा लोग उठा रहे हैं। उसी तरह ऐतिहासिक बूढ़ातालाब को भव्यता प्रदान करने और उसे राजधानी के सुंदर दर्शनीय स्थल के रूप में विकसित करने पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी ने काम शुरू किया है।

### तैयार हो रहा ढांचा

तालाब किनारे लाइन फूड जोन के लिए खास तरह का गुमटीनुमा ढांचा तैयार हो रहा है। आने वाले दिनों में यह बदला स्वरूप नजर आएगा। बूढ़ातालाब में फ्लोटिंग डेक भी पूर्व में बनाया गया है, ताकि नीलाभ गार्डन से परिक्रमा पथ वाले मार्ग पर नौका विहार करने वाले आसानी से आना-जाना कर सकें।

## राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी किया नया आदेश

# मेयर-अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों को देना होगा खर्च का हिसाब, कहां से राशि लाए, बकाया कितना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ में जल्द होने वाले नगरीय निकायों के चुनाव में जो लोग मेयर और पालिका अध्यक्ष पद के प्रत्याशी होंगे, उन्हें चुनाव के दौरान खर्च होने वाली रकम का पाई-पाई का हिसाब राज्य निर्वाचन आयोग को देना होगा। ये बताना होगा कि प्रत्याशी या उसके दल ने कहां से रकम हासिल की, कहां खर्च किया, किस-किस को राशि का भुगतान किया और अगर किसी की रकम बकाया है तो उसका भी ब्योरा देना होगा।


यह हिसाब दरअसल इसलिए मांगा जा रहा है कि खुद राज्य निर्वाचन आयोग का कहना है, वह निर्वाचन में धन-बल की अनिष्टकारी भूमिका से अच्छी तरह अवगत है और उसे रोकने के लिए अन्य उपायों के साथ-साथ यह जरूरी भी मानता है कि प्रत्याशियों का निर्वाचन खर्च वास्तविक रूप से सामने आए। यही वजह है कि राज्य निर्वाचन आयोग ने अपने ताजा आदेश में इसे लेकर स्थिति स्पष्ट की है। निकाय चुनाव में यह मेयर और अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पर लागू होगा।

### नामांकन के बाद खोलना होगा नया बैंक अकाउंट

आदेश में कहा गया है कि नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि के एक दिन पहले अनिवार्य रूप से एक अलग बैंक खाता खोलना होगा। निर्वाचन से संबंधित सभी व्यय उसी खाते से करना होगा। इसी प्रकार निर्वाचन से संबंधित समस्त प्राप्तियां भी उसी खाते में जमा की जाएं। निर्वाचन की तारीख से 30 दिनों के भीतर पूरा हिसाब देना होगा।

### इस तरह देना होगा हिसाब

आयोग के आदेश के मुताबिक, प्रत्याशी, राजनीतिक दल, संस्था, संघ को किसी अन्य से राशि प्राप्त हुई तो उसका नाम बताना होगा। जो राशि प्राप्त हुई है, उसकी जानकारी और रसीद क्रमांक सहित जानकारी देनी होगी। इसके बाद बारी आती है खर्च की। इसमें ये बताना होगा कि खर्च वाहन पर हुआ, प्रिंटिंग या भोजन पर। इसमें भी ये बताना होगा कि मात्रा कितनी, प्रति इकाई दर, कुल व्यय की राशि कितनी है। ये भी बताना होगा कि भुगतान पाने वाला कौन है, उसका नाम, पता, वाउचर, रसीद की क्रम संख्या और दिनांक, भुगतान की राशि और बकाया राशि। अगर किसी का भुगतान बकाया है तो भुगतान पाने वाले व्यक्ति का नाम, पता, देयक, रसीद की क्रम संख्या, दिनांक आदि भी बताना होगा।









हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 16 दिसंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937





18

कांग्रेस ने बनाई सत्र की रणनीति हर...




## लाइव इवेंट

## कथक नृत्य से श्रीकृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन



**रायपुर।** व्यक्ति की पहचान उनके व्यक्तित्व और कार्य से होती है। ऐसे में कलाकार की पहचान उसके हुनर से की जाती है। दक्षता के साथ अपने कार्य में परिपूर्ण कलाकार को मंच पर प्रस्तुति करते देख अपने आप में गर्व की बात है। रविवार की शाम रंग मंदिर में संगीत के सुरों से शाम सजी रही। जहां दृष्टिहीन विद्यार्थियों को शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों एवं अतिथियों का ध्यान एकत्रित किया। विद्यार्थी जीवन में अनुभवी संगीतकार की तरह प्रस्तुति दी गई। वार्षिकोत्सव में दृष्टिहीन विद्यार्थी आर्यमन सिंग चौहान ने राग अहीर भैरव में मनमोहक संगीत की प्रस्तुति दी, इस अवसर पर सा..रे..गा..मा..के सुर लगाते हुए संगीत का शुभारंभ किया गया। भातखण्डे ललित कला शिक्षा समिति और कमला देवी संगीत महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। देर शाम को आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग से सामूहिक शास्त्रीय संगीत, लोकसंगीत, कथक एवं वादन की प्रस्तुति दी गई।

### कथक नृत्य में श्रीकृष्ण की वंदना

मंच पर प्रशिक्षक नरेंद्र जलक्षत्रि और चिंरजीवी के निर्देशन में सामूहिक कथक नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर गणेश वंदना के साथ नृत्य का शुभारंभ किया गया, पारंपरिक बोल में कथक की प्रस्तुति मंच पर देखने को मिली। इसमें थाट आमद, तोड़ा, परन, तिहाई, तत्कार के प्रकार, भजन एवं अंत में ठुमरी की मनमोहक नृत्य का मंचन किया गया। 35 मिनट की मनमोहक प्रस्तुति में श्रीकृष्ण की वंदना भाव का मंचन किया गया। हारे पीवर मेल दो, नणदल रा वीरा फागण आयो रे...रंगबती रे रंगबती...करमा लोक संगीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। डॉ. डेविड निराला के निर्देशन में पांच राज्यों के लोकगीतों पर संगीत की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही, इस दौरान सभागार में दर्शक स्थानों पर झूमते नजर आए।

## सिटी इवेंट

## बरसों बाद दोस्तों से मिलाप भावुकता में छलके आंसू



**रायपुर।** विद्यार्थी जीवन सभी के लिए यादगार समय होता है, जहां बचपन की मासूम एवं चिंतामुक्त मुस्कान के साथ पढ़ाई होती रहती है। स्कूल के दोस्त भी एक वक्त के बाद बिछड़ जाते हैं, लेकिन उनके साथ बिताया हर एक लम्हा याद रहता है। बचपन की मस्ती, गुरुजनों का ज्ञान एवं विद्यार्थी जीवन की सीख जिंदगीभर याद रहती है। बरसों बाद उन्हीं पुराने दोस्तों से मिलने की खुशी का अद्भुत अनुभव होता है। ऐसा ही एक नजारा शनिवार को देखने को मिला। जहां सालों बाद पुराने दोस्त मिले, इस दौरान वे भावुक हो गए और आंखों में आंसू थम न सके। राजधानी स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आदर्श विद्यालय द्वारा 'मिलाप' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां साल 1986 से वर्तमान समय 2024 तक के विद्यार्थियों को स्कूल की 50वीं स्वर्ण जयंती पर आमंत्रित किया गया। इस दौरान पांच सौ से अधिक भूतपूर्व विद्यार्थी समारोह में उपस्थित रहे। जहां वह अपने पुराने दिनों को याद करते एवं दोस्तों के साथ विद्यार्थी जीवन पर चर्चा करते रहे।

## नृत्य से बच्चों ने बताया योग का महत्व सभ्यता और संस्कृति ने मोहा मन



**रायपुर।** जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जहां विद्यार्थियों ने विभिन्न देशों की सभ्यता, संस्कृति और वहां की लोक संस्कृति को गीत-संगीत, नृत्य आदि रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन और छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना एवं गणेश वंदना के साथ हुई। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। नन्हे सितारों द्वारा गोयन नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसने अतिथियों का मन मोह लिया। छात्रों द्वारा योग का महत्व नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। अभिभावक अपने बच्चों में छिपे कौशल को मंच पर देखकर गौरवान्वित हुए। अंत में प्रधानाचार्य दलजीत सिंह ने कार्यक्रम की प्रशंसा की व छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

● 15 दिसंबर की रात 10 बजकर 12 मिनट पर गुरु ग्रह व धनु राशि में सूर्य ने किया प्रवेश

# आज से महीनेभर नहीं सजेंगे लग्न मंडप, खरमास में कोई मुहूर्त नहीं, मकर संक्रांति से फिर गूंजेगी शहनाई

"कहते हैं, जब राजा की ग्रह दशा बदलती है तो इसका प्रभाव लोगों के जीवन और परंपराओं के निर्वहन पर भी पड़ता है। बस ऐसा ही कुछ 15 दिसंबर की रात 10 बजकर 12 मिनट से प्रभावी होगा। दरअसल रविवार की रात से गुरु ग्रह व धनु राशि में ग्रहों के राजा सूर्य का प्रवेश हो रहा है। इस स्थिति में सूर्य 14 जनवरी यानी मकर संक्राति तक रहेंगे। महीनेभर का खरमास होने से शुभ विवाह के लिए 16 जनवरी से ही शुभ मुहूर्त मिलेंगे। इसके साथ ही लग्न मंडप सजेंगे और एक बार फिर शहनाई की गूंज सुनाई देगी।"



### एक हजार मेहमानों की आवभगत



वीआईपी रोड के हाई-प्रोफॉइल मैरिज हॉल आगामी दिनों में होने वाली शादियों के लिए सजकर तैयार हैं। इसमें पार्किंग से लेकर वर-वधू पक्ष के ठहरने के लिए एसी की सुविधा वाले कमरे भी हैं। इसे देखते हुए लोग अभी से बुक कराने लगे हैं। मैनेजरों ने बताया कि अलग-अलग लग्न में शादी के लिए लोगों ने इसे बुक किया है। दो दिन का किराया 3 से पौने 7 लाख तक है। इसी तरह की स्थिति टाटीबंध और जोरा क्षेत्र में भी कई मैरिज हॉल की है, जो हाई-प्रोफॉइल शादियों के लिए बुक की जाती है। लोग तिथि के बुक करा रहे हैं।



**रायपुर।** सनातन धर्म से जुड़े लोग हर काम शुभ मुहूर्त में करना चाहते हैं। कहते हैं कि शुभ मुहूर्त में होने वाले कार्यों के सफल होने की संभावना ज्यादा रहती है। ऐसा ही एक मांगलिक कार्य है शादी। इसमें तिथि तय करने से पहले ही शुभ मुहूर्त देखा जाता है। अगर शुभ मुहूर्त नही मिलता है तो वर-वधू पक्ष के लोग शादी की तारीख को ही आगे बढ़ा देते हैं। कथावाचक पं. मनोज शुक्ला की मानें तो शनिवार यानी 14 दिसंबर को शुभ विवाह के लिए साल 2024 का अंतिम मुहूर्त है। इसके बाद 15 दिसंबर से खरमास शुरू होने से लोगों को 30 दिन मांगलिक कार्य के लिए शुभ मुहूर्त नहीं मिलेंगे। इसके बाद 15 जनवरी तक शुभ मुहूर्त नहीं है। कुल मिलाकर 30 दिनों के बाद नए साल में ही अब लग्न वेदी सजाई जाएगी।

### जनवरी- फरवरी में 14 मुहूर्त

महाराज ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार जनवरी में विवाह के लिए 16, 17, 21, 22 और 23 तारीख को अच्छा मुहूर्त मिल रहा है। इसके बाद फरवरी में 3, 4, 6, 7, 13, 18, 20, 21 और 25 तारीख को लग्न वेदी के लिए उत्तम मुहूर्त मिलेंगे। इन मुहूर्तों में सबसे ज्यादा शादियां होने वाली हैं। ऐसा इसलिए भी, क्योंकि इस समय ठंड और गर्मी के मध्य का खुशनुमा मौसम होता है। आने वाले मेहमानों के लिए भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। लगातार मुहूर्त का क्रम तेज होने से नए साल के पहले महीने से ही बाजार में भी रौनक बढ़ने के आसार हैं।

### 14 मार्च से फिर लगेगा विराम

मार्च महीने में 3, 5, 6 और 12 मार्च की तिथि शादी के लिए शुभ मानी गई है। इसके बाद 14 मार्च से 14 अप्रैल के बीच एक बार फिर वैवाहिक आयोजनों पर विराम लगेगा। 6 मार्च से होलाष्टक भी प्रभावी होगा। वहीं अप्रैल में 8 शुभ मुहूर्त मिलेंगे। इनमें आपके पास ज्यादा विकल्प रहेंगे। इस महीने में 16, 18, 19, 20, 21, 25, 29 और 30 को मैरिज प्लान किया जा सकता है। इसके बाद मई में 1, 5, 6, 8, 10, 14, 15, 16, 17, 18, 22, 23, 24, 27 व 28 को शादी के लिए शुभ तिथि मिलेगी।

# इत्ती सी खुशी...मासूमों की प्रस्तुति से खिले चेहरे

## किड्जी स्कूल में वार्षिकोत्सव



**रायपुर।** आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे...जब लाइफ हो आउट-ऑफ कंट्रोल..अप्सरा आली...जैसे फिल्मी गानों पर नन्हे विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुति देखने को मिली। इस अवसर पर बच्चों का मनोबल बढ़ाने परिजन भी मौजूद रहे। समता कॉलोनी स्थित मैक सभागार में नर्सरी के विद्यार्थियों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। जहां वे अपने अनोखे अंदाज और बेफिक्र होकर अपनी धुन में झूमते रहे।





### लोकगीतों पर प्रस्तुति

वार्षिकोत्सव समारोह रविवार को किया गया, जहां 25 से अधिक नन्हे छात्रों ने फिल्मी एवं लोकगीतों पर प्रस्तुति दी। इस दौरान महाभारत में द्रौपदी चीरहरण, पेड़ बचाओ अभियान पर शानदार नाटक का मंचन किया गया। इस अवसर पर मंजुलिका, स्त्री जैसे डरावनी फिल्म के भूतिया किरदार के वेशभूषा में बच्चों ने स्टेज पर एंट्री ली। साथ ही फिल्मी गानों पर डांस भी किया गया। भूतिया परिधान देख कई बच्चे थोड़े डरे हुए भी दिखे।

### बच्चों में बचपन से ही संस्कार की बीज बोयें

परिवार में माता-पिता और भाई-बहनों में एक-दूसरे के प्रति सम्मान और आदर का भाव होना चाहिए। परिजन अपने बच्चों में बचपन से ही संस्कार के बीज बोना शुरू करें। यह कहना है हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का, जिन्होंने अपने संबोधन में रामकथा का जिक्र करते हुए परिजनों को बच्चों में संस्कार और भाई-बहनों के प्रति प्रेमभाव की बात कही। रविवार को समता कॉलोनी एवं सड्डू स्थित किड्जी स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर पीयूष अग्रवाल और नयन जैन, विशिष्ट अतिथि माहेश्वरी समाज के सांस्कृतिक मंत्री राजेश मंत्री रहे।



## नई तकनीक से बनाया जल और बिजली का मॉडल, वायुमंडल का समझाया कार्य

**रायपुर।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान पानी को साफ करने के लिए फिल्टर मशीन की नई तकनीक, सोलर एनर्जी, पानी से बिजली उत्पन्न करने की तकनीक, नर्वस सिस्टम, कोरल रीफ, वेस्टलैंड मैनेजमेंट, वायुमंडल, रोटर क्रॉप मैनेजमेंट थीम पर मॉडल तैयार किया। इस अवसर पर विद्यालय के 8वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी शामिल हुए। प्रदर्शनी के दौरान कृषि संबंधित फसल उत्पादन की नवीन तकनीक पर छात्रों ने मॉडल तैयार किया।



### आनंद मेले में चटपटे व्यंजनों के स्टॉल

चंगोराभाठा स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल एवं महाविद्यालय में शनिवार को भव्य आनंद मेला का भी आयोजन किया गया। गुपचुप, मंचूरियन, वेज पुलाव, पेस्ट्री, काफी, खस्ता चाट, ढोकला, भेल, चटपटी ग्रीन चाट जैसे 50 स्टॉलो को मेले में सजाया गया। इस अवसर पर फास्ट फूड स्टॉल में सबसे अधिक भीड़ देखने को मिली। वहीं कॉलेज के साथ स्कूली छात्रों ने भी आनंद मेला का भरपूर लुत्फ उठाया। इस दौरान मेहंदी, टैटू, स्वास्थ्य जांच जैसे अनेक स्टॉल लगाए गए। इस दौरान स्कूल के संचालक मुकेश गुप्ता, संचालिका ज्योति गुप्ता, डायरेक्टर ऋषभ गुप्ता, प्राचार्य बंशीलाल सुर्गे, नितिन गुप्ता और महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. देवहूंती तिवारी आनंद मेला में उपस्थित रहीं।

सेना के सम्मान नवा रायपुर में 3 हजार लोगों ने लगाई दौड़, बुजुर्गों ने बढ़ाया जवानों का हौसला

# सोल्जरथॉन में दिखा सेना का जोश.., दौड़ लगाकर भारत-पाक 1971 युद्ध में जीत का मनाया जश्न

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** भारतीय सेना के सम्मान में रविवार की सुबह राजधानीवासियों ने सोल्जरथॉन में दौड़ लगातार लोगों फीट रहने का संदेश दिया है। भारतीय सेना व छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से नया रायपुर में आयोजित हुए इस मैराथन में बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों में भी सेना का जोश दिखाई दिया। सुबह 5 बजे से ही बड़ी संख्या में लोग दौड़ में हिस्सा लेने पहुंच गए थे। इस दौरान हर वर्ग के लोगों में देश और सेना के प्रति सम्मान दिखाई दिया। लोगों ने जयकारे लगाते हुए पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध में भारत की निर्णायक जीत की 53वीं वर्षगांठ को याद करता है, जो देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। मैराथन में 3000 से अधिक प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। मुख्य अतिथि पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह ने इस सोल्जरथॉन का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों को सेना का जोश याद दिलाया।





### सैन्य इतिहास और बलिदान को किया याद

पूर्व सेना प्रमुख जनरल वीके सिंह ने अपने भाषण में प्रतिभागियों को प्रेरित किया और 1971 के युद्ध के दौरान किए गए बलिदानों को याद करने के महत्व को रेखांकित किया। प्रतिभागियों द्वारा सोल्जरथॉन की व्यापक रूप से प्रशंसा की गई, जिन्होंने सैनिकों के साथ दौड़ने और सैन्य इतिहास के साथ इस तरह के संवादात्मक तरीके से जुड़ने के अवसर की सराहना की। यह आयोजन न केवल 1971 की जीत के उपलक्ष्य में बल्कि भारतीय सेना और स्थानीय समुदाय के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए भी था।

### दौड़ में युवाओं ने दिखाया उत्साह

मैराथन में प्रदेशभर से धावकों ने हिस्सा लिया था, जिसमें सर्वाधिक संख्या युवाओं की रही। लोगों में सेना को लेकर समर्पण का भाव दिखाई दिया। कार्यक्रम ने छत्तीसगढ़ के स्थानीय युवाओं और नागरिक आबादी को सैनिकों के साथ दौड़ने और इतिहास के एक टुकड़े का अनुभव करने का एक असाधारण अवसर प्रदान किया। मैराथन में कई दौड़ श्रेणियां शामिल थीं, जिनमें 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़ के साथ-साथ 3 किलोमीटर पैदल चलना भी शामिल था, जिससे सभी उम्र और फिटनेस स्तर के प्रतिभागी शामिल हो सकते थे। आयोजन का एक विशेष आकर्षण प्रतिभागियों और आगंतुकों के लिए 1971 के भारत-पाक युद्ध के युद्ध अवशेषों के संग्रह को देखने का अवसर था। प्रदर्शनी, जिसमें सैन्य कलाकृतियां, तस्वीरें और संघर्ष से यादगार चीजें शामिल थीं, उपस्थित लोगों को इतिहास से जुड़ने और युद्ध के दौरान किए गए बलिदानों की गहरी समझ हासिल करने का मौका दिया।

## खबर संक्षेप

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, सिख समाज ने जताया विरोध

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंह सिघोत्रा ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर कट्टरपंथियों द्वारा किए जा रहे अत्याचार, मारपीट, हत्या, लूटमार की घटनाओं पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द सख्त कदम उठाते हुए हिंदुओं को बचाने के लिए कोई बड़ा कदम उठाएं। छत्तीसगढ़ सिख समाज की मांग है कि एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल बांग्लादेश भेजा जाना चाहिए, जो वहां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की वस्तुस्थिति मीडिया के माध्यम से दुनिया के सामने लाए और हिंदुओं को सुरक्षित बांग्लादेश में रहने या हिंदुस्तान लाने की व्यवस्था करे। छत्तीसगढ़ सिख समाज का यह भी मानना है कि हिंदुस्तान से सभी राजनैतिक पाटियों का सर्वदलीय डेलिगेशन-प्रतिनिधिमंडल बांग्लादेश भेजा जाना चाहिए और वहां की स्थिति का अंतर्राष्ट्रीय मीडिया के सामने रखकर, वहां के हिंदुओं से और वहां की सरकार से वस्तुस्थिति पर चर्चा कर पूरी दुनिया के सामने लाना चाहिए साथ ही जब तक बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार बंद नहीं किया जाता, तब तक भारत को बांग्लादेश से व्यापारिक आदान–प्रदान हर तरह से बंद कर देना चाहिए।

### महिलाओं के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम कल

**रायपुर।** गुरु घासीदास जयंती की पूर्व संध्या पर न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में 17 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से सतनामी समाज की महिलाओं, युवतियों एवं बच्चों के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। महिला समिति की चंपादेवी गेंदले ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं एवं युवतियों के लिए मटकाफोड़, मेहंदी, बैलून प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ तथा एकल व सामूहिक नृत्य होगा। वहीं बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस, चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता व डांस स्पर्धा का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम में सतनामी समाज की सभी बहनों को शामिल होने आग्रह किया गया है।

# रविवि एकीकृत परीक्षा भवन का निर्माण, नहीं बची रूसा की राशि, अब कार्यपरिषद से मांगी मंजूरी

- लोक निर्माण विभाग को दी जानी है 64 लाख 21 हजार की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा तैयार किए जा रहे एकीकृत परीक्षा भवन के भुगतान के लिए राशि अब रूसा मद में शेष नहीं है। रूसा मद में प्राप्त अनुदान की राशि पूर्णतः समाप्त होने के कारण विवि मद से इसके भुगतान की अनुमति कार्यपरिषद की बैठक में मांगी गई थी। इसके लिए सहमति मिलने के बाद अब विवि द्वारा शेष राशि का भुगतान किया जा सकेगा। इस एकीकृत भवन के निर्माण में 1 करोड़ 42 लाख की लागत रविवि को आई है। इसमें से 64 लाख 21 हजार 742 रूपए का भुगतान किया जाना शेष है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इसका निर्माण किया गया है। लागत राशि में एक अंश का भुगतान किया जा चुका है, जबकि बड़ी राशि अभी शेष है। गौरतलब है कि रूसा के तहत विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को एक निश्चित राशि विकास और अनुसंधान संबंधित कार्यों के लिए दी जाती है। यह राशि संबंधित संस्थान के ग्रेडिंग के आधार पर तय होती है।

## पं.रविशंकर शुक्ल विवि का मामला, परिसर में ही किया गया है निर्माण

### किराए में दिया जाएगा भवन

इसके अलावा व्यापम, पीएससी, एनटीए तथा अन्य परीक्षा एजेंसियों द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के लिए भी इस भवन को किराए में दिए जाने की योजना पर काम चल रहा है। इसे हाईटेक रूप से तैयार किया जा रहा है। ताकि कंप्यूटर बेस्ड परीक्षाएं भी यहां आयोजित की जा सकें। सूत्रों अनुसार, परीक्षा भवन का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। इसके लिए किराया सहित अन्य चीजों का निर्धारण भी विवि द्वारा शीघ्र ही किया जाएगा। 2025 से छात्रों को इस नए भवन की सुविधा मिल सकती है।



### 500 से अधिक छात्र दिला सकेंगे परीक्षा

इस एकीकृत परीक्षा भवन का निर्माण बीते शैक्षणिक सत्र से किया जा रहा है। रविवि द्वारा इसे ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में तैयार किया गया है। रविवि की सेमेस्टर तथा वार्षिक परीक्षाएं अलग-अलग विभागों के कक्ष में आयोजित की जाती रही हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले यूजीसी नेट सहित कई अन्य परीक्षाओं के लिए भी रविवि पृथक-पृथक विभागों में बैठक व्यवस्था करता रहा है। एकीकृत परीक्षा भवन के निर्माण पश्चात एक ही भवन में ये परीक्षाएं हो सकेंगी। इस व्यवस्था से परीक्षा के दौरान अन्य कक्षाएं बाधित नहीं होंगी तथा उनका भी संचालन नियमित रूप से किया जा सकेगा। 500 से अधिक छात्र एक ही बार में यहां परीक्षा दिला सकेंगे।

# शाह ने कहा- छत्तीसगढ़ पुलिस देश की सबसे बहादुर पुलिस

*छत्तीसगढ़ यह सम्मान हासिल करने वाला देश का सबसे युवा राज्य*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ और राज्य पुलिस के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में राज्य की पुलिस को राष्ट्रपति निशान (पुलिस कलर्स अवार्ड-2024) सौंपा। यह देश के सशस्त्र बलों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। विगत 24 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस की असाधारण सेवाओं, बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के लिए राज्य को यह सम्मान मिला है। छत्तीसगढ़ यह सम्मान हासिल करने वाला देश का सबसे युवा राज्य है, जिसने अपने गठन के मात्र 24 वर्षों में ही यह उपलब्धि हासिल की है।

गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ पुलिस को बधाई देते हुए कहा, राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड केवल एक सम्मान नहीं है, यह सेवा और कर्तव्य का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ पुलिस ने नक्सलवाद, संगठित अपराध और मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में जो साहस और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अभूतपूर्व है। छत्तीसगढ़ पुलिस देश के सर्वश्रेष्ठ और बहादुर पुलिस बलों में से एक बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ तथा देश को नक्सलमुक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ और देश से नक्सलवाद का पूर्णतः खात्मा हो जाएगा। श्री शाह ने छत्तीसगढ़ पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि इसने न केवल कानून और व्यवस्था को बनाए रखा है, बल्कि जनता के विश्वास को भी मजबूत किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति का पुलिस कलर्स अवार्ड पुलिस बल के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा, उनका हौसला और मनोबल बढ़ाएगा।

### शाह ने की छग पुलिस की तारीफ

*अमित शाह ने कहा, छत्तीसगढ़ पुलिस ने पिछले एक साल में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने विश्वास जताया कि छत्तीसगढ़ पुलिस अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगी और अपने कर्तव्य से कभी पीछे नहीं हटेगी। छत्तीसगढ़ पुलिस ने देश के विभिन्न सुरक्षा बलों के साथ मिलकर पिछले एक साल में नक्सलवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का काम किया है। चार दशकों में पहली बार नक्सली हिंसा में नागरिकों और सुरक्षा बलों की मौत का आंकड़ा 100 से कम हुआ है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 10 साल में पूरे देश में नक्सलवाद पर लगाम लगी है।*



- शाह ने किया ऐलान, 31 मार्च 2026 से पहले करेंगे नक्सलवाद का खात्मा
- छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए ऐतिहासिक दिन, शाह ने सौंपा राष्ट्रपति निशान

### नक्सलियों से मुख्यधारा में शामिल होने की अपील

अमित शाह ने नक्सलियों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति की भी सराहना की। उन्होंने नक्सलियों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की भी अपील की। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ पुलिस ने बहादुरी के साथ एक साल में नक्सलियों को खत्म करने का संकल्प लिया है। उन्होंने नक्सलियों से अपील की और कहा, हमारी सरकार ने बहुत अच्छी सरेंडर पॉलिसी बनाई है। मुख्यधारा में आप शामिल हो जाइए। हथियार छोड़ दीजिए. विकास के रास्ते पर आ जाइए और छत्तीसगढ़ के विकास में भी योगदान देना चाहिए।

### नक्सलियों के पुनर्वास की बेहतर व्यवस्था : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ पुलिस के जवानों और अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा, यह सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के केवल 24 वर्षों में हमारे पुलिस बल को उनकी असाधारण सेवाओं और जनता के प्रति समर्पण के लिए मिला है। यह सम्मान उन्हें और अधिक उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा, नक्सलियों के पुनर्वास की बेहतर व्यवस्था और विशेष प्रावधान सरकार द्वारा किए गए हैं। हिंसा का रास्ता छोड़ आत्मसमर्पण करने वालों को तत्काल ट्रांजिट कैम्प में रखने की व्यवस्था की जा रही है। उन्हें तीन साल तक 10 हजार रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड के तौर पर देने की व्यवस्था की गई है। उनके कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। पुनर्वास नीति के तहत 5 लाख या उससे अधिक के इनामी माओवादी के आत्मसमर्पण करने पर उन्हें आवास हेतु शहरी क्षेत्र में अधिकतम 4 डिसमिल जमीन या ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतम 1 हेक्टेयर कृषि भूमि दिए जाने का प्रावधान किया गया है।

# चार संगठनों ने की हक की आवाज बुलंद

## आज विधानसभा घेरने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के तूता स्थित धरनास्थल पर रविवार को एक साथ 4 अलग-अलग कर्मचारी संगठनों ने अपने लंबित मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 14 नगर निगम, नगर पंचायत के 20 हजार प्लेसमेंट कर्मचारी 3 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन पर हैं। लामबंद कर्मचारी 16 दिसंबर को धरनास्थल से विधानसभा का घेराव करने निकलेंगे। वहीं प्रदेशभर के सोसायटियों के धान खरीदी कंप्यूटर आपरेटर, छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय नवनियुक्त कर्मचारी अधिकारी संघ और छत्तीसगढ़ स्वच्छता दीदी महिला, पुरुष महासंघ का आंदोलन जारी है। प्रदेशभर की स्वच्छता दीदी कलेक्टर दर पर मानदेय भुगतान की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं।

- तूता के धरनास्थल पर कर्मचारी संगठनों का डेरा

### निकाय के प्लेसमेंट कर्मचारी करेंगे विधानसभा घेराव

छत्तीसगढ़ नगरीय प्लेसमेंट कर्मचारी महासंघ के बैनर तले नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने निकायों में ठेका प्रथा समाप्त कर निकायों में समायोजनकर विभाग से वेतन भुगतान की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। रविवार को धरना स्थल पर बस्तर, दंतेवाड़ा, सरगुजा, रायपुर संभाग के प्लेसमेंट कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में आंदोलन में शामिल होकर नारेबाजी कर शासन का ध्यान लंबित मांगों की ओर आकर्षित कराया। प्लेसमेंट कर्मचारियों की हड़ताल से रायपुर नगर निगम के जोन दफ्तरों में कामकाज प्रभावित हुआ है। साथ ही मुख्यालय के कामकाज में भी इसका असर दिखने लगा है। सोमवार को लामबंद कर्मचारी धरनास्थल से विधानसभा घेराव करने दोपहर 1.30 निकलेंगे। महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष केएल निषाद ने हरिभूमि को बताया कि जब तक मांग पूरी नहीं होती, प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

#### सुरक्षा में बड़ी चूक

# एयरपोर्ट की दीवार फांद एटीसी टॉवर तक पहुंचा नशेड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट की सुरक्षा को धता बताते हुए एक नशेड़ी दीवार फांदकर भीतर दाखिल हो गया और सीधे एटीसी टॉवर तक पहुंच गया। स्टाफ की नजर उस पर पड़ी तो हल्ला मच गया। सरायपाली के एक गांव में रहने वाले नशेड़ी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी आदतन नशेड़ी और घुमंतू है, जो एयरपोर्ट तक पहुंच गया था।

माना थाना प्रभारी ने बताया कि सीआईएसएफ जवान की शिकायत पर सरायपाली के तेंदुकोना निवासी आरोपी पारसमणि ध्रुव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी शुक्रवार की शाम एयरपोर्ट की सुरक्षा को चकमा देते हुए भीतर घुस गया था। दीवार फांदकर अंदर आने के बाद वह बेरोकटोक सीधे एटीसी टॉवर तक पहुंच गया। वहां के स्टाफ की नजर उस पर पड़ी तो हल्ला मचा और सुरक्षा में तैनात जवानों की नजर उस पड़ी। आनन-फानन में उसे पकड़ा गया और मामले की सूचना माना थाने को दी गई। पुलिस उसे अपने साथ ले गई और काफी देर तक पूछताछ करती रही, मगर उसके खिलाफ किसी गंभीर प्रकरण का पता नहीं चला। थाना प्रभारी का कहना है, नशे की वजह से वह घुमंतू हो चुका है और घर से बिना कुछ बताए निकल जाता है। माना जा रहा है कि अपनी धुन में भटकते हुए वह विमानतल तक पहुंच गया होगा।

- कर्मचारी भौंचक, सीआईएसएफ के जवानों ने पकड़ा


### प्रतिबंधित स्थल तक कैसे पहुंचा?

*सूत्रों के अनुसार, पारसमणि जिसे इलाके तक पहुंच गया था, वहां आम लोगों का आना-जाना प्रतिबंधित है। कोई भी शख्स एटीसी टॉवर तक तभी पहुंच सकता है, जब उसे सिक्योरिटी क्लीयरेंस मिल जाता है। नशेड़ी तमाम व्यवस्था के बचकर कैसे वहां तक पहुंच गया, इस पर भी सवाल उठ रहे हैं।*

# मासूम बच्चे को मिले माता-पिता



**रायपुर।** महिला आयोग के प्रयासों से एक मासूम बच्चे को उसकी मां मिल गई। कुछ दिनों पूर्व आवेदिका ने महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका पति शराब की नशे में बहुत ज्यादा मारपीट करता है, उसके बड़े बेटे को घर से निकाल दिया है और मात्र 4 माह के दुधमुंहे बच्चे को छीनकर अपने बड़ी बहन के पास झांसी उत्तरप्रदेश में छोड़ आया है। पिछली सुनवाई में पति ने अपनी गलती स्वीकारी और आयोग के निर्देश पर बच्चे को लेकर आयोग में उपस्थित हुआ। महिला आयोग अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक की समझाइश पर पति-पत्नी का रिश्ता फिर से जुड़ा और एक मासूम बच्चे को उसकी मां मिल गई। आयोग ने सुलह कराते हुए इस प्रकरण में एक काउंसलर को सालभर के लिए नियुक्त किया है जो समय-समय पर उनसे पूछताछ करते रहेंगी।























# बीडीएस सीटों पर एडमिशन की छठवीं कोशिश, इस बार 42 फीसदी अंक वालों को भी मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

राज्य के एकमात्र शासकीय और निजी डेंटल कॉलेज की करीब 580 सीटों पर एडमिशन दिलाने में काउंसिलिंग टीम के पसीने छूट चुके हैं। प्रवेश की अंतिम तारीख 16 दिसंबर तक बढ़ाए जाने की वजह से इसके लिए छह बार कोशिश जा रही है। इस बार निजी कालेजों की प्रबंधन सीटों पर प्रवेश के लिए नीट में 42 फीसदी अंक पाने वाले को भी मौका दिया गया है।

राज्य में एमबीबीएस-बीडीएस की सीटों पर एडमिशन के लिए नवंबर से काउंसिलिंग शुरू हुई थी। एमबीबीएस का प्रवेश मॉपअप राउंड के साथ पूरा हो गया था, मगर बीडीएस की सीटों पर प्रवेश का काम आधा भी नहीं हुआ था। अंतिम तारीख को ध्यान में रखते हुए खाली सीटों की पूर्ती के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय की काउंसिलिंग कमेटी द्वारा लगातार स्ट्रे वेकैंसी राउंड का आयोजन किया जाता रहा। दो नियमित और एक मॉपअप राउंड के बाद नया पंजीयन के माध्यम से दो स्पेशल वेकैंसी राउंड पूरी की गई थी।

इसके बाद भी तीन निजी मेडिकल कालेज में प्रबंधन कोटे की कुल 9 सीट बच गई थीं। इसे तीसरे राउंड में शामिल किया गया और पंजीयन के आधार पर वरीयता प्रदान कर नीट में सफल नौ विद्यार्थियों की मेरिट लिस्ट जारी की गई। अंतिम बार 720 अंकों की नीट परीक्षा में 170 यानी 42 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्र को भी दांतों के इलाज की पढ़ाई शुरू करने का मौका दिया गया है। दंत चिकित्सा परिषद द्वारा एडमिशन की अंतिम तारीख 16 दिसंबर तय की गई है।

### बरसों से नहीं खुले नए कालेज

राज्य में एमबीबीएस सहित पीजी की पढ़ाई के लिए राज्य में मेडिकल कालेजों की संख्या पंद्रह हो चुकी है, मगर डेंटल कालेजों की संख्या सालों से जस के तस यानी कुल 6 ही है। यहां एकमात्र शासकीय मेडिकल कालेज का संचालन होता है, वहीं पांच निजी कालेज हैं। इन कालेजों की सीटों पर एडमिशन के लिए काफी कोशिश करनी पड़ती है, जिसे देखते हुए इन कालेजों में यूजी की सीट बढ़ाने के लिए भी किसी तरह का दिलचस्पी नहीं दिखाई जाती है।



- स्ट्रे वेकैंसी-3 राउंड में नौ सीटें शामिल, पंजीयन तिथि के आधार पर वरीयता
- राज्य और प्रबंधन कोटे की करीब 580 सीटों पर प्रवेश दिलाने में पसीना छूटा

### सरकारी सेक्टर में बेहद कम मौके

सूत्रों के मुताबिक, बीडीएस की पढ़ाई करने के बाद सरकारी सेक्टर में काम करने के मौके बेहद सीमित हैं, जिसकी वजह से इस पढ़ाई की तरफ आकर्षण कम है। अस्पतालों में डेटिस्ट के एक अथवा दो पद होते हैं। इसी तरह शासकीय डेंटल कालेज की संख्या भी बेहद कम है। निजी प्रेक्टिस के दौरान दांतों का इलाज करने के लिए उपकरण भी काफी महंगे हैं, जिसकी वजह से कम विद्यार्थी इस पढ़ाई के लिए अपनी दिलचस्पी दिखाते हैं।

## खबर संक्षेप

### विधायक सोनी ने किया सड़क डामरीकरण का भूमिपूजन

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के तहत नगर निगम जोन-5 पं. सुंदरलाल शर्मा वार्ड स्थित मैत्रीनगर में सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन रविवार को किया गया। विधायक सुनील सोनी ने पार्षद मृत्युंजय दुबे की उपस्थिति में 21 लाख 60 हजार रुपये की स्वीकृत लागत एवं सुंदर नगर मुख्य द्वार मार्ग पर 10 लाख 40 हजार की लागत से सड़क डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

## निधन

### ब्रजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव



**रायपुर।** न्यू शांतिनगर शंकर नगर निवासी सेवानिवृत वाणिज्यकर अधिकारी ब्रजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव (91) का 15 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 16 दिसंबर को दोपहर 3 बजे देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे विनय श्रीवास्तव, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, आरती श्रीवास्तव, रजनी रायजादा के पिता थे।

### ललित पोकरणा



**रायपुर।** रायपुर निवासी ललित पोकरणा का 15 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे सोहनलाल के भतीजे, धीरज, विनोद, प्रकाश, शांतिलाल, अशोक, राजू, गौतम, दिलीप के भाई थे।

### विजय सिंघानिया



**रायपुर।** चौबे कॉलोनी निवासी विजय सिंघानिया का 15 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 16 दिसंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे डॉ. ओपी सिंघानिया, संजय के पिता और आयुष, पीयूष के दादा थे।

### आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार प्रोटेक मैक्स प्रा. लि. पंजीकृत कार्यालय कृष्णा यूनाईटेड विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) द्वारा प्रबंधक श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल पिता मुंशीराम अग्रवाल द्वारा अधिकृत कर निर्देश दिये जाने पर यह सूचना प्रकाशित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के स्वयं के स्वामित्व एवं कब्जा की भूमि स्थित ग्राम गैतरा, प.ह.नं. 34, ग्राम पंचायत गैतरा, तहसील खरोरा, जिला रायपुर (छ.ग.) जिसका खसरा क्र. 64, रकबा 0.227 हेक्टर, लगान रु. 0.56 पैसे है। जिसकी चौहद्दी पूर्व में भेटन की भूमि, पश्चिम में सेवकराम पाण्डेय की भूमि, उत्तर में भेटन की भूमि एवं दक्षिण में प्रेमलाल की भूमि है को मेरे पक्षकार ने मिलन पिता फत्तेलाल कुर्मी से पंजीकृत बिक्री पत्र दि. 11.5.2022 के द्वारा क्रय कर स्वामित्व एवं कब्जा किया है। इसी प्रकार मिलन पिता फत्तेलाल एवं उसकी माता देवाला बाई पति फत्तेलाल ने उक्त सम्पत्ति को कुंजलाल पिता सुखरू, पुनिया एवं खोरबहरीन पिता सुखरू से पंजीकृत बिक्री पत्र दि. 10.6.2004 दस्तावेज क्र. 708 के द्वारा क्रय कर स्वामित्व एवं कब्जा प्राप्त किया था जिसके उपरान्त देवाला बाई की मृत्यु के पश्चात उक्त सम्पत्ति को मिलन के द्वारा विरासतन हक से प्राप्त किया था। चूंकि पूर्व का पंजीकृत बिक्री पत्र दि. 10.6.2004 दस्तावेज क्र. 708 कहीं गुम हो गई है अथवा पूर्व विक्रेता के पास रखी है। उक्त बिक्री पत्र अथवा भूमि, सम्पत्ति के स्वामित्व एवं कब्जे पर किसी व्यक्ति, संस्था या बैंक को कोई आपत्ति हो तो 7 दिनों के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर अपने समस्त मूल दस्तावेज सहित कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। मेरा पक्षकार उक्त भूमि को एचडीएफसी बैंक में बंधक रखना चाहता है। 7 दिवस के पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी तथा मेरे पक्षकार को बंधनकारी नहीं होगा। सूचना जाने।

बिलासपुर (छ.ग.)
दि. 11.12.2024

भवदीय
प्रशांत गुप्ता (अधिवक्ता)
भाजपा कार्यालय के सामने, करबला रोड, पुष्पांजली नगर, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 90390-93780

## 2023-24 में मंडल ने 24 करोड़ से अधिक यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाया

# 24 करोड़ यात्रियों से सालभर में 542 करोड़ की कमाई, मालभाड़े से इससे पांच गुना ज्यादा आय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय रेलवे में बीते 5 सालों से लगातार राजस्व बढ़ रहा है, जिसके पीछे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल का योगदान भी टॉप 10 डिवीजन में शामिल है। रेलवे इन दिनों यात्री ट्रेनों के किराए से अधिक कमाई लोडिंग से कर रहा है। पिछले वर्ष की तरह वर्ष 2024-25 में भी रायपुर मंडल का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है।

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि ने जब मंडल के राजस्व आंकड़ों का अध्ययन किया तो पता चला कि रायपुर भारतीय रेलवे का 9वां सबसे अधिक लोडिंग डिवीजन बन चुका है। मंडल 2023-24 में 48.22 और वर्तमान में 2024-25 के लिए 51.50 मीट्रिक टन लोडिंग कर चुका है, जिससे अभी तक कमाई नवंबर 24 तक 3119.11 करोड़ तक हो चुकी है। बता दें कि रायपुर मंडल ने पिछले वित्तीय वर्ष में 5154.86 करोड़ की कमाई कर सभी को चौंका दिया था। इस बार भी मार्च तक लोडिंग से कमाई 6 हजार करोड़ तक पहुंच सकती है।

### मालगाड़ी से लोडिंग करने में भारतीय रेलवे का 9वां सबसे अधिक लोडिंग डिवीजन बन चुका है रायपुर मंडल



फाइल फोटो

- रायपुर मंडल ने पिछले वित्तीय वर्ष में 5154.86 करोड़ की कमाई कर सभी को चौंका दिया था
- इस बार भी मार्च तक लोडिंग से कमाई 6 हजार करोड़ तक पहुंच सकती है

### यात्री किराए से अधिक लोडिंग में कमाई

मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों के लगातार रद्द होने के बाद भी यात्रियों से कमाई बीते पांच वर्षों से अधिक है। वर्तमान में रायपुर मंडल से 110 ट्रेनें गुजरती हैं, जिसमें 2023-24 में 24 करोड़ से अधिक यात्रियों को रेलवे ने गंतव्य स्थल तक पहुंचाया। इससे रेलवे को 542.47 करोड़ का राजस्व मिला है। मंडल ने वित्तीय वर्ष 2017-18 में 3 करोड़ 37 लाख यात्रियों को उनके गंतव्य स्थल तक पहुंचाया था, इससे रायपुर रेलमंडल को 462 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। वित्तीय वर्ष में 2016-17 में करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस तरह रायपुर मंडल की यात्री किराए से पांच गुना अधिक कमाई लोडिंग से हो रही है। लोडिंग में प्रमुख वस्तुओं में सीमेंट और क्लिंकर, कुल लोडिंग का लगभग 50 प्रतिशत लौह अयस्क, स्टील और खाद्यान्न शामिल हैं।

### इस बार आरपीएफ ने भी बढ़ाया राजस्व

वर्ष-2024 में माह नवंबर तक मिशन रेल सुरक्षा के तहत रेलवे संपत्ति, अवैध कब्जा अधिनियम के 57 मामलों में 122 अपराधियों को गिरफ्तार कर 4,96,473 रुपए की रेलवे संपत्ति की बरामदगी की गई है। वर्ष-2024 में माह नवंबर तक रेलवे अधिनियम के 16150 मामलों में 16087 अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिस पर रेल न्यायालय द्वारा 33,59,335 रुपए जुर्माना वसूल किया गया। वर्ष-2024 में माह नवंबर तक मिशन यात्री सुरक्षा के तहत यात्री सामानों की चोरी/अन्य मामलों में 106 अपराधियों की गिरफ्तारी व 34,90,199 रुपए की संपत्ति की बरामदगी में सहयोग कर अहम भूमिका निभाई है। वर्ष-2024 में माह नवंबर तक आपरेशन नारकोस के तहत मादक पदार्थ के परिवहन पर रोक लगाते हुए 35 अपराधियों की गिरफ्तारी व 1,24,17,520 रुपए की संपत्ति की बरामदगी में सहयोग कर अहम भूमिका निभाई है। नवंबर तक आपरेशन सतर्क के तहत अवैध शराब के परिवहन पर रोक लगाते हुए 8 अपराधियों की गिरफ्तारी व 2,38,545 रुपए की संपत्ति की बरामदगी में सहयोग कर अहम भूमिका निभाई है।

## महाविद्यालयों में प्राध्यापक नहीं सुरक्षा को लेकर छात्राएं चिंतित



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन, गिनाईं समस्याएं

प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 13 से 17 दिसंबर तक भाजपा सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। जिसके तहत छात्र हित के मुद्दों को लेकर रविवार को एनएसयूआई ने प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट चौक में आंबेडकर प्रतिमा के समक्ष बैठकर छात्रों ने यह प्रदर्शन किया। इस दौरान एनएसयूआई ने कहा, भाजपा सरकार की नाकामी के एक साल पूरे हो गए हैं, जिसमें प्रदेश के छात्र-छात्राएं अपने आपको असहाय महसूस कर रहे हैं। स्कूल-कॉलेजों में शिक्षक-प्रोफेसर नहीं हैं। 33 हजार शिक्षकों की भर्ती के नाम पर धोखा दिया गया। किसी भी सरकारी विभाग में भर्ती नहीं निकल रही है। कॉलेजों में सीट नहीं बढ़ रही हैं। एनएसयूआई ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा, कानून व्यवस्था की खुलेआम धज्जियां उड़ रही हैं, प्रदेश में अराजकता की स्थिति है। असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं समेत माता-बहनें असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा, महामंत्री हेमंत पाल, संकल्प मिश्रा, निखिल वंजारी, कुणाल दुबे, अंकित पांडे, आयुष अग्रवाल, वैभव मुजेवार, रजत ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

### यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन आज

एनएसयूआई के प्रदर्शन के बाद यूथ कांग्रेस द्वारा सोमवार को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश में लगातार बढ़ती हुई आपराधिक गतिविधियां, नशे का कारोबार, युवाओं में निराशा सहित अन्य जमीनी मुद्दों को लेकर यूथ कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा प्रियदर्शनी नगर, तेलीबांधा चौक, लाखे नगर चौक, संतोषी नगर चौक, कुशालपुर चौक सहित रायपुर के प्रमुख चौक में लगातार यातायात की अव्यवस्थाओं से हो रहे दुर्घटनाओं के संबद्ध में विरोध दर्ज किया जाएगा। यूथ कांग्रेस का प्रदर्शन भी कलेक्ट्रेट चौक में ही होगा।

# देवांगन कर्मचारी-अधिकारियों का वेब पोर्टल विमोचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



देवांगन समाज के कर्मचारी-अधिकारियों का वेब पोर्टल विमोचन कार्यक्रम रविवार को राजधानी के पुरानी बस्ती स्थित अग्रवाल समाज के सभा भवन में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय महासमुंद रामजी देवांगन, कार्यक्रम अध्यक्ष सेवानिवृत्त प्राचार्य धनेंद्र मेहर, संचालक भू-अभिलेख इंद्रावती भवन विनीत नंदनवार रहे। शुरुआत में प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनोज देवांगन ने कार्यक्रम का उद्देश्य व रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रांतीय सचिव ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रकोष्ठ के तकनीकी विशेषज्ञ वेब पोर्टल निर्माता हेमचंद्र देवांगन ने पोर्टल संचालन संबंधित जानकारियां मंच के समक्ष साझा करते हुए बताया, प्रदेश के समस्त स्वजातीय कर्मचारी-अधिकारियों के बीच आपसी सौहार्द्रपूर्ण संबंधों को मजबूती प्रदान कर उनके बीच भाईचारे की भावना विकसित करना इसका प्रमुख उद्देश्य है। सभा में प्रकोष्ठ के पदाधिकारी दीपक देवांगन, धनेश्वर देवांगन, डॉ. एसपी देवांगन, मेहतर देवांगन, लक्ष्मीनारायण देवांगन, मोहनलाल देवांगन, श्रवण देवांगन, गोविंद देवांगन, प्रवीण देवांगन सहित प्रदेशभर से स्वजातीय शासकीय कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन फान्या देवांगन एवं मनोज देवांगन ने किया।

- प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान

## सिंधी काउंसिल के आयुष्मान कैंप में 840 नागरिकों ने बनवाए कार्ड




**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई और स्वास्थ्य विभाग की ओर से तीन अलग-अलग स्थानों पर आयुष्मान कार्ड बनाने शिविर लगाया गया। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया, 840 लोगों ने शिविर का लाभ लिया और आयुष्मान शिविर में कार्ड बनाकर तुरंत दिए गए।

सभी बुजुर्गों ने आभार जताया। समाज के अमर गिदवानी ने कहा कि लोगों की मदद करने शिविर लगाया गया था। देवेंद्र नगर सिंधी पंचायत के किशोर आहूजा, गोविंद मंशारामनी, सोनू साधवानी, अल्पेश पोपटानी, रितेश वाधवा, राजकुमार सोनी, जगदीश अजवानी सक्रिय रहे। दूसरा कैंप तेलीबांधा गली नंबर-2 में लगाया गया, जहां महिला विंग अध्यक्ष राशि बलवानी, सुनील कुकरेजा, संजय रहेजा, विक्की लोहाना, मानसी कुकरेजा, रीत खियानी समेत अन्य सक्रिय थे। तीसरा कैंप अरविंद दीक्षित वार्ड में लगाया गया, जहां सचिन मेघानी, मनीष थारानी, दिव्यांश सक्सेना ने सक्रिय रूप से भागीदार रहे।

## गुरु घासीदास बाबा की भव्य शोभायात्रा आज झांकियां और पंथी नृत्य होंगे आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- सात श्वेत ध्वजवाहक संतजन करेंगे शोभायात्रा की अगवाई



संत बाबा गुरु घासीदास की 268 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर राजधानी में 16 दिसंबर को आकर्षक झांकियों तथा पंथी नृत्य के साथ आमापारा प्लाजा से दोपहर 3 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। सात श्वेत ध्वजवाहक संतों की अगवाई में निकलने वाली शोभायात्रा में सतनामी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

यह यात्रा आमापारा से प्रारंभ होकर आजाद चौक, पुरानी बस्ती, बूढ़ातालाब, नगर निगम व्हाइट हाउस, मोतीबाग होते हुए गुरु घासीदास चौक नगर घड़ी पहुंचकर समाप्त होगी। जहां मुख्य मंच पर संतों की पूजा-अर्चना व मंगल आरती के बाद वरिष्ठजनों का उद्बोधन होगा। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी की संरक्षक शकुन डहरिया, अध्यक्ष केपी खण्डे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी और प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि शोभायात्रा में शामिल सर्वश्रेष्ठ पांच झांकियों को सम्मानित किया जाएगा।

पंथी नृत्य और अखाड़ा दलों का शौर्य प्रदर्शन इस मौके पर आकर्षण का केंद्र रहेगा।

## पेज 11 के शेष ...

### विवेकानंद आश्रम से...

आने वाले दिनों में इसका विस्तार आमानाका ब्रिज तक किया जाएगा। डीडीनगर मार्ग पर भी रामनामी नए स्ट्रीट पोल राजधानीवासियों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे। स्मार्ट सिटी से अनुबंधित एजेंसी इस कार्य को कर रही है, जिसमें 2 साल की वारंटी शामिल है। शहर में अब ऐतिहासिक व पौराणिक थीम पर आधारित स्ट्रीट पोल शहर के प्रमुख मार्ग में लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेंगे। नगर निगम जोन 7 क्षेत्र स्थित जीई रोड में इसकी शुरुआत की गई है, जिसमें विवेकानंद आश्रम चौक से लेकर आमानाका ब्रिज तक नए स्ट्रीट पोल इसी लुक के साथ नजर आएंगे। पहली बार स्ट्रीट पोल में धनुष-बाण की आकृति को दर्शाते हुए सुंदर रोशनी मार्ग को रोशन करने लगाई जा रही है। स्ट्रीट पोल में छोटे-छोटे अक्षरों में राम-राम का अंकन किया गया है। अपनी तरह का यह अनूठा रामनामी स्ट्रीट पोल सैंपल के बतौर अभी लगाया जा रहा है। रायपुर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा जीई रोड के दोनों ओर नए लुकअप वाले स्ट्रीट पोल लगाने की तैयारी है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि डीडीनगर और आश्रम से लेकर आमानाका तक करीब 100 नए स्ट्रीट पोल इसी थीम पर लगाए जाएंगे। अभी ट्रायल बतौर 3 नए स्ट्रीट पोल लगाए गए हैं।

### तात्यापारा-शारदा चौक...

लेकिन अभी तक प्रभावितों की जमीन के कागज जांचने का क्रम भी पूरा नहीं हुआ है। इस काम को पूरा करने में कितना समय लगेगा, कोई भी जिम्मेदार बताने को तैयार नहीं है। प्रभावित दुकानों में करीब 20 दुकानों का अस्तित्व पूरी तरह से खत्म होगा। राजस्व विभाग से जुड़े लोगों ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के दायरे में आ रहे दुकान-मकान में कई विवादित हैं। इनका मसौदा अभी तक नहीं सुलझने से विलंब की स्थिति है।

**सुविधा के लिए अभी इंतजार :** लोगों को तात्यापारा से शारदा चौक के बीच ट्रैफिक जाम से छुटकारा मिलना आसान नहीं है। इसका अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि मार्च 2023 में 137 करोड़ की स्वीकृति मिलने के 20 महीने बाद भी मुआवजे का पेंच नहीं सुलझा है। जबकि विधानसभा और लोकसभा चुनाव के चलते जांच की रफ्तार धीमी थी। अभी भी सर्वे के बाद जमीन का मालिकाना हक रखने वाले लोगों की जांच दस्तावेजी प्रमाण के आधार पर होनी बाकी है। इस बीच में निगम का चुनाव भी होना तय है। इसके चलते लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत व सुविधा के लिए अभी और इंतजार करना होगा।

### पूर्व विधायक देवती कर्मा के...

वजह से चालक को चोटें नहीं आई। घटना को अंजाम देने के बाद वह फरार हो गया। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को जब्त कर लिया है। सिविल लाइंस थाने में कार चालक के खिलाफ धारा बीएनएस की धारा 181, 324-4 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सौ करोड़ की जमीन...

मिलने के बाद आरोपी लगातार फरार चल रहा था और मंदिर हसौद थाने की टीम उसकी पतासाजी में लगी हुई थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना के आधार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई। पूछताछ के दौरान पता चला कि इस धोखाधड़ी में आरोपी रजनीश के साथ अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

### पहली बार माशिम ने...

द्वारा आयोजित की जाती हैं। इन प्रवेश परीक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर ही विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में प्रवेश दिए जाते हैं। कई महाविद्यालयों के संदर्भ में शिकायत प्राप्त हुई थी कि उनके द्वारा प्रावीण्य सूची को ध्यान में ना रखकर ऊपरी लेन-देन के आधार पर मनचाहे रूप से विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा रहा है। इस तरह के विवाद सामने आने के बाद इसे लेकर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा भी नाराजगी जाहिर की गई थी। उस वक्त भी एससीईआरटी द्वारा रिपोर्ट मांगी गई थी। डीएलएड कक्षाओं के लिए परीक्षा का आयोजन माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कराया जाता है।

### जारी है अंतिम चरण...

लेना होगा। इसी तरह से अंतिम सूची 23 दिसंबर को जारी की जाएगी। इसमें जिन अभ्यर्थियों का चयन होगा, उन्हें भी प्रवेश के लिए 24 घंटे अर्थात 24 दिसंबर तक का ही समय मिलेगा। प्रदेश में बीएड की 14 हजार 400 सीटें हैं। तीन चरणों की काउंसिलिंग के बाद इनमें से 850 सीटें रिक्त हैं। इसी तरह से 6 हजार 720 सीटों में से 570 सीटें रिक्त हैं।

## बिजनेस साइट

### भारतीय विपणन विकास केंद्र का स्वदेशी मेला 27 से



**रायपुर।** भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रतिष्ठित स्वदेशी मेला-2024-25 का आयोजन 27 दिसंबर 2024 से 3 जनवरी 2025 तक साइंस कॉलेज मैदान में किया जाएगा। यह मेला प्रदेशभर में हर वर्ष का एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसका लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। मेले में स्वदेशी उत्पादों की विविधता देखने को मिलती है, जिसमें सुई से लेकर बड़ी मशीनरी तक सभी प्रकार की वस्तुएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। इसके अलावा मेले में प्रतिदिन विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। स्वदेशी संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेले में विभिन्न राज्यों की संस्कृति और खानपान की भी शानदार प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए इस वर्ष 350 से अधिक स्टॉल मेले में शामिल हो रहे हैं। इस वर्ष के मेला आयोजन समिति का संयोजक प्रवीण मैशेरी, सह-संयोजक अमरजीत सिंह छाबड़ा और मनीषा सिंह को नियुक्त किया गया है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पेरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि 23rd Years ANNIVERSARY

सत्य के सजग प्रहरी दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 23 वें
स्थापना दिवस!!
की हार्दिक शुभकामनाएं

सत्य के सजग, नीडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 23 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीचंद सुन्दरानी
पूर्व विधायक, रायपुर उत्तर विधानसभा

सत्य के सजग, नीडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 23 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
छत्तीसगढ़ शिवसेना
उद्धव बालासाहेब ठाकरे
एच.एन.सिंह पालीवार प्रदेश महासचिव

सत्य के सजग, नीडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 23 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
श्रीमती सीमा संतोष साहू
जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा, रायपुर शहर जिला
पार्षद - नगर निगम, रायपुर
संतोष साहू
वरिष्ठ नेता
भाजपा किसान मोर्चा

मान.बृजमोहन अग्रवाल
सांसद - रायपुर लोकसभा
सत्य के सजग, नीडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक
हरिभूमि रायपुर संस्करण के 23 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
चन्द्रपाल धनगर
पार्षद वार्ड क्र. 63
शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड

सत्य के सजग, नीडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 23 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
चन्द्रहास निर्मलकर
पार्षद प्रतिनिधि
श्रीमती उमा चन्द्रहास निर्मलकर
पार्षद
कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्र. 54

सत्य के सजग, नीडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक
हरिभूमि रायपुर संस्करण के 23 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
AISHWARYA GROUP
AISHWARYA EMPIRE
Next to St.Xaviers School, Avanti Vihar,
Raipur (C.G.) 492007 India.
Ph.: +91-7771976666, +91-0771-2444500
Email: aishwaryakingdom@gmail.com


मान.बृजमोहन अग्रवाल
सांसद - रायपुर लोकसभा
सत्य के सजग, नीडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 23 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
जितेन्द्र गोलेछा
कोषाध्यक्ष - भाजपा पुरानी बस्ती मंडल

सत्य के सजग, नीडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 23 वें
स्थापना दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सतनाम सिंह पनाग
पार्षद वार्ड क्र. 61
श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड
एमआईसी सदस्य-जलकार्य विभाग

दैनिक हरिभूमि रायपुर संस्करण के 23वें स्थापना दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अश्विन गर्ग
अध्यक्ष
विनीत
समस्त पदाधिकारीगण
विक्रम जैन
महासचिव
उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, रायपुर (छ.ग.)

सत्य के सजग प्रहरी दैनिक
हरिभूमि
रायपुर संस्करण के 23 वें
स्थापना दिवस!!
की हार्दिक शुभकामनाएं...
सुशील आनंद शुक्ला
संचार प्रमुख प्रदेश कांग्रेस कमेटी छ.ग.

## खबर संक्षेप



### प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण भारतीय ज्ञान परंपरा के पोषण के लिए जरूरी

रायपुर। वैभव प्रकाशन स्थित संगोष्ठी कक्ष में भोपाल के दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के अध्यक्ष रामराव बावनकर ने कहा कि प्राचीन पांडुलिपियों का संरक्षण भारतीय ज्ञान परंपरा के पोषण के लिए आवश्यक है। संगोष्ठी में उन्हें छत्तीसगढ़ के कवि नारायणलाल परमार की दो पांडुलिपि संरक्षण के लिए उनकी परिवार के सदस्यों ने प्रदान की। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ इतिहासविद डॉ. रमेंद्रनाथ मिश्र ने की। संगोष्ठी का संचालन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की सौ से अधिक पांडुलिपियों का संग्रह किया गया है और शीघ्र ही इनका पुनः प्रकाशन किया जा रहा है। इस कड़ी में बलदेव प्रसाद मिश्र की प्राचीन कृति छत्तीसगढ़ परिचय का आज लोकार्पण हो रहा है। गोष्ठी में अशोक तिवारी, स्मिता, अखिलेश, सुरेंद्र रावल, राजेन्द्र ओझा, डॉ. मृणालिका ओझा, माणिक विश्वकर्मा, निमिष परमार, शुभेंद्र आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने बनाई सत्र की रणनीति हर रोज लाएंगे काम रोको प्रस्ताव

- सत्र हंगामेदार होने के आसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। सत्र हंगामेदार होने की पूरी संभावना है। कांग्रेस सत्र के दौरान धान खरीदी, किसानों के मुद्दों और लोहारीडीह, शराब मनपसंद एप, कानून व्यवस्था की स्थिति और अन्य मामलों को लेकर हंगामा करेगी। विधायक दल की बैठक में पूर्व मंत्री और पूर्व विधायकों को भी बुलाया गया था।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत की अध्यक्षता में हुई विधायक दल की बैठक में कांग्रेस के नए विधायकों को मामले उठाने के गुर सिखाए गए। पूर्व मंत्रियों और विधायकों ने भी सदन में मंत्रियों को घेरने सवाल करने का तरीका बताया। सत्र के दौरान कांग्रेस हर दिन एक काम रोको प्रस्ताव के माध्यम से सरकार के कामकाज को सामने लाएगी। विधायकों को सरकार के हर विभाग की खामियों को सदन में अनुपूरक बजट और अन्य माध्यमों के जरिए रखने की रणनीति बनाई गई। विधायक दल की बैठक में यह तय हुआ कि चर्चा में भाग लेने का पूरा प्रयास किया जाएगा। सदन में हर मामले में सरकार की ओर से जवाब आए, ऐसा प्रयास किया जाएगा। लोहारीडीह और अन्य मामलों को प्रमुखता से उठाने सभी तथ्यों को सामने लाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं धान खरीदी में सभी जिलों की रिपोर्ट पर चर्चा के आधार पर इसे पहले ही दिन लाने का प्रयास किया जाएगा।

**25 विधायक पहुंचे**

विधायक दल की बैठक में 25 कांग्रेस विधायक पहुंचे थे। अधिकांश नए विधायकों ने बैठक में अपने क्षेत्र से संबंधित मामलों को सवालों और अन्य माध्यमों से उठाने की बात कही। पीसीसी अध्यक्ष सहित पूर्व विधायकों और मंत्रियों ने अपने अनुभव से उनको अवगत कराया। बैठक के दौरान नेता प्रतिपक्ष ने सभी विधायकों को सदन में मौजूद रहने कहा है।

### ये रहे मौजूद

पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, ताम्रध्वज साहू, डॉ. शिवकुमार डहरिया, धनेंद्र साहू, मो. अकबर, जयसिंह अग्रवाल, मोहन मरकाम, प्रेमसाय सिंह टेकाम, अमरजीत भगत, गुरु रूद्र कुमार, अनिला भेंड़िया, पूर्व विधायक अमितेष शुक्ल, अरूण वोरा, गुरमुख सिंह होरा, नोबेल वर्मा, कुलदीप जुनेजा, कांग्रेस विधायक दल सचिव अमित पाण्डेय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, छग सह प्रभारी जरीता लेफ्तलांग, विजय जांगिड़ मौजूद रहे।


### इन विधायकों ने की शिरकत

कांग्रेस विधयाक भोलराम साहू, इंद्रशाह मंडावी, सावित्री मंडावी, विक्रम मंडावी, यशोदा नीलांबर वर्मा, कुंवर सिंह निषाद, संगीता सिन्हा, अंबिका मरकाम, द्वारिकाधीश यादव, दिलीप लहरिया, उत्तरी गणपत जांगड़े, शेषराज हरबंश, विद्यावती सिदार, अटल श्रीवास्तव, बालेश्वर साहू, ब्यास कश्यप, राघवेंद्र सिंह, चातुरी नंद, फूलसिंह राठिया, कविता प्राणलहरे, संदीप साहू, जनक ध्रुव, ओंकार साहू, इंद्र साव, हर्षिता स्वामी बघेल उपस्थित रहे।



### साहू समाज की बाइक रैली 7 जनवरी को

रायपुर। साहू समाज की आराध्य देवी भक्तिन माता राजिम की जयंती 7 जनवरी को मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, युवा प्रकोष्ठ द्वारा राजधानी रायपुर स्थित भामाशाह छात्रावास में विगत दिनों बैठक हुई। जहां राजिम जयंती के एक दिन पहले आयोजित होने वाले बाइक रैली को लेकर सार्थक चर्चा हुई, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रदेश संयोजक पवन साहू ने बताया कि बाइक रैली युवा प्रकोष्ठ के साथियों द्वारा निकाली जाएगी, जो कि राजधानी रायपुर के तेलघानी नाका चौक से प्रारंभ होकर राजिम में समाप्त होगी। साथ ही इस बाइक रैली का समाजजनों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर स्वागत किया जाएगा। बैठक में प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से पदाधिकारी शामिल हुए।







# नक्सलवाद से निपटने के प्रयासों की समीक्षा करेंगे केंद्रीय गृहमंत्री शाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बस्तर के बेस कैंप में सुरक्षा बल की लेंगे बैठक



तीन दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार को जगदलपुर स्थित अमर वाटिका में सुबह 10.30 से 11.15 बजे तक अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे एवं शहीद परिवारों और हिंसा में मृत व्यक्तियों के परिजनों से चर्चा करेंगे। चर्चा के बाद वहां पर सुरक्षा बल के जवानों के साथ बैठक के लिए किसी बेस कैंप में जाएंगे। यह कार्यक्रम गोपनीय रखा गया है।

बताया गया है कि सुबह 11.30 बजे जगदलपुर से गुप्त स्थान के लिए रवाना होंगे। वहां के किसी बेस कैंप में जाकर केंद्रीय गृहमंत्री सुरक्षा कैंप में जवानों से मुलाकात करेंगे। दोपहर 12.30 से 2 तक वहां पर गुप्त बैठक करेंगे। दोपहर 3 बजे जगदलपुर से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। रायपुर लौटने के बाद, मे-फेयर रिजॉर्ट में शाम 4.15 से 5.45 बजे तक वे एलडब्ल्यूई की बैठक में भाग लेंगे। बैठक में नक्सलवाद से निपटने के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की जाएगी। सुरक्षा संबंधी समीक्षा बैठक भी लेंगे। बैठक के बाद वे शाम 6 बजे रायपुर एयरपोर्ट से दिल्ली लौटेंगे।

### सुरक्षा बलों की रणनीतिक बैठक

बताया जा रहा है कि नक्सलवाद को लेकर सुरक्षा बलों के अधिकारियों की पहले दो बैठकें छत्तीसगढ़ में ले चुके हैं। अभियान में मिली सफलता के बाद आगे ऐसे स्थानों को टार्गेट करने की रणनीति बनेगी, जहां तक पुलिस फोर्स नहीं पहुंच पाई है। वहां दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर और सीमावर्ती राज्यों में स्थापित बेस कैंपों के बीच समन्वय तथा अन्य रणनीति पर विचार करने के आसार हैं।

